भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 634
(दिनांक 03.12.2025 को उत्तर देने के लिए)

कवरत्ती में आकाशवाणी स्टेशन का उन्नयन और आधुनिकीकरण

634. श्री हमदुल्ला सईदः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने लक्षद्वीप संघराज्य क्षेत्र के कवरत्ती में आकाशवाणी (एआईआर) स्टेशन के उन्नयन और आधुनिकीकरण हेतु कोई कदम उठाये हैं;

(ख) यदि हाँ, तो प्रसारण क्षमता, स्टूडियो सुविधाओं और कर्मचारी व्यवस्था में सुधार सहित प्रस्तावित उन्नयन का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि एआईआर कवरत्ती में विद्यमान अवसंरचना पुरानी है और यह द्वीप के समुदायों को प्रसारण सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच को प्रभावित करती है;

(घ) यदि हाँ, तो क्या सरकार द्वारा लक्षद्वीप के लोगों को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण प्रसारण सेवाएं सुनिश्चित करने हेतु धनराशि को स्वीकृति प्रदान करने और उन्नयन कार्यों में तेजी लाने के लिए तत्काल कदम उठाए जाने की संभावना है; और

(ङ) एआईआर कवरत्ती के उन्नयन को पूर्ण करने के लिए सरकार द्वारा प्रस्तावित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री

(डॉ. एल. मुरूगन)

(क) से (ङ): वर्ष 2016 में, भारत सरकार ने कवरत्ती स्थित आकाशवाणी स्टेशन को 1 किलोवाट मीडियम वेव से 10 किलोवाट लो पावर रिले स्टेशन में अपग्रेड कर दिया।

इस स्टेशन पर एक 100 वाट फ्रीक्वेंसी मॉड्युलेशन (एफएम) रिले सेटअप भी प्रचालनरत है। डिजिटल रिकॉर्डिंग सुविधाओं के साथ स्थानीय कार्यक्रम निर्माण के लिए स्टेशन पर एक बहुउद्देशीय स्टूडियो भी उपलब्ध कराया गया है।

कवरत्ती स्थित आकाशवाणी स्टेशन का उन्नयन और आधुनिकीकरण का कार्य पूरा हो चुका है।

इसके अलावा, प्रसार भारती "न्यूज़ऑनएआईआर" मोबाइल ऐप के माध्यम से कवरत्ती सहित देश भर में 260 से अधिक आकाशवाणी चैनलों का प्रसारण कर रहा है। इसके साथ ही, आकाशवाणी चैनल वेव्स ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध हैं।

****